**भारत सरकार**
**मानव संसाधन विकास मंत्रालय**
**स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1722**
**उत्तर देने की तारीख: 02.03.2020**
**अंबेडकर नवोदय विद्यालय**

**†1722. श्रीमती शर्मिष्ठा सेठीः**
**श्री कोडिकुन्नील सुरेशः**

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मेधावी, गरीब और दलित छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय की तर्ज पर अंबेडकर नवोदय विद्यालय स्थापित करने का कोई विचार है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) ओडिशा में स्थापित किए जाने वाले ऐसे प्रस्तावित विद्यालयों की संख्या कितनी है;
(घ) क्या सरकार अनुसूचित जाति समुदाय से संबंधित छात्रों के लिए, जवाहर नवोदय विद्यालय की तर्ज पर 150 अंबेडकर नवोदय विद्यालय स्थापित करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ङ) क्या सरकार का केरल में जवाहर नवोदय विद्यालय स्थापित करने का विचार है; और
(च) यदि हां, तो क्या सरकार को इस संबंध में केरल सरकार की सहमति वाला कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**मानव संसाधन विकास मंत्री**
**(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')**

(क) से (घ) : सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने सूचित किया है कि देश भर में अनुसूचित जातियों (एससी) के लिए आवासीय स्कूल स्थापित करने हेतु एक नई योजना नामत: 'अंबेडकर नवोदय विद्यालय (एएनवी)' शुरू करने का प्रस्ताव है। योजना के अंतर्गत, अधिक एससी जनसंख्या वाले जिलों में, जवाहर नवोदय विद्यालय की तर्ज पर, एससी के लिए कक्षा VI से XII तक के 150 सह-शैक्षिक आवासीय स्कूल स्थापित करने का प्रस्ताव है। योजना का लक्ष्य बेहतर अवसर और संसाधन उपलब्ध कराते हुए अनुसूचित जातियों के प्रतिभावान छात्रों की प्रतिभा को विकसित और प्रोत्साहित करना है, ताकि उनके जीवन में समग्र विकास हो सके और वे उच्चतर शिक्षा हेतु अन्य छात्रों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सके, जिससे उन्हें बेहतर व्यवसाय का

विकल्प और बेहतर रोजगार का अवसर मिल सकें। हालांकि, योजना को अभी अनुमोदित किया जाना बाकी है।

(ड.) और (च) : नवोदय विद्यालय योजना देश के प्रत्येक जिले में एक जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) खोले जाने की व्यवस्था करती है। योजना के अंतर्गत केरल के सभी 14 जिले शामिल किए गए हैं।

******